an>

Title: Need to introduce a new train from Mujaffarpur to Delhi.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): उपाध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के मुज़फ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी, बगहा इत्यादि जिलों के लोग काफी संख्या में दिल्ली में रहते हैं। इसके अलावा काफी लोग किसी-न-किसी कारण से प्रत्यक्ष रूप से दिल्ली से जुड़े रहते हैं, चाहे वह व्यापार के कारण हो, नौकरी या मज़दूरी के कारण हो, अथवा उनके रिश्तेदारों या अन्य परिजनों के यहां रहने के कारण हो। परन्तु, इतने बड़े क्षेत्र के लोगों का दिल्ली आने-जाने के लिए भारतीय रेल द्वारा पर्याप्त ट्रेनों की व्यवस्था नहीं है।

पूर्व मध्य रेल ज़ोन, हाज़ीपुर के अन्तर्गत मुज़फ्फरपुर से नई दिल्ली वाया चकिया, मोतिहारी, बेतिया, गोरखपुर होते हुए सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रतिदिन चलती है, परन्तु इस रूट पर ट्रेन की कमी और लोगों की भीड़ के कारण कभी भी इस ट्रेन में लोगों को आसानी से सीटें उपलब्ध नहीं होती हैं और लोगों के पास वेटिंग टिकट लेकर सफर करने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं बचता है। पर्व-त्यौहार के दिनों में तो स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। ध्यान देने की बात यह है कि इस रूट से उत्तर बिहार के उपरोक्त वर्णित जिलों के हज़ारों लोग यात्रा करते हैं।

अतः सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि जनता के व्यापक हित में पूर्व मध्य रेल ज़ोन के मुज़फ्फरपुर से नई दिल्ली वाया चकिया, बापूधाम, मोतिहारी, बेतिया, गोरखपुर होते हुए सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस के तर्ज़ पर प्रतिदनि के लिए एक नई ट्रेन चलायी जाए, जिससे कि चम्पारण के साथ-साथ उत्तर भारत की एक बड़ी आबादी को लाभ मिल सके। साथ ही, इससे रेल के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shrimati Rama Devi.